एक नजर में



### संभागायुक्त ने किया सीताफल की खेती का निरीक्षण

**आष्टा.** संभागायुक्त संजीव सिंह ने उद्यानिकी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से ग्राम जताखेड़ा एवं कोठरी का भ्रमण कर किसानों द्वारा की जा रही उद्यानिकी फसलों का निरीक्षण किया. इस दौरान कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने उद्यानिकी योजनाओं तथा उनके माध्यम से किसानों को मिल रहे लाभों के बारे में जानकारी दी. संभागायुक्त श्री सिंह ने ग्राम जताखेड़ा में किसान श्रीमती रूपा सिंह द्वारा वीएनआर तकनीक से की जा रही अमरूद की खेती का निरीक्षण किया. साथ ही ड्रिप इरिगेशन सिस्टम एवं फार्म पोंड की प्लास्टिक लाइनिंग के माध्यम से जल संरक्षण एवं उसके प्रभावी उपयोग पर भी चर्चा की. इसी क्रम में ग्राम कोठरी में किसान प्रमोद कासनियां द्वारा की जा रही वीएनआर अमरूद, एनएमके गोल्डन सुपर सीताफल तथा ड्रिप मल्चिंग तकनीक से उत्पादित खीरा फसल का निरीक्षण किया.



### नशा मुक्त भारत बनाने युवाओं को दिलाई शपथ

**सीहोर.** नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन योजना एवं नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के उद्देश्य से सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए. स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई और युवाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई.



### मां दुर्गा की आराधना से सकारात्मक ऊर्जा का होता संचार

**सीहोर.** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ग्राम खामलिया में आयोजित दुर्गापूजन एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि मां दुर्गा की आराधना से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और समृद्धि का संचार होता है. उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं. प्रदेश सरकार समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की. कार्यक्रम में पं. दुर्गाप्रसाद कटारे आदि उपस्थित थे.



### मंत्री सिलावट ने हरनाम सिंह को दी श्रद्धांजलि

**सीहोर.** स्व.हरनाम सिंह कसोटिया को श्रद्धांजलि अर्पित करने प्रदेश के जल संसाधन विभाग में मंत्री तुलसी राम सिलावट उनके निवास पर पहुंचे. इस मौके पर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए. उपस्थितजनों ने श्री कसोटिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दुख व्यक्त किया. इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की. सभी ने स्वर्गीय श्री कसोटिया के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी.



### वार्षिक स्नेह सम्मेलन के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**सीहोर.** चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर में वार्षिक उत्सव के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा द्वारा की गई. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अरुणा राय रही. विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रमेश चंद्र हिमानी एवं स्नेह सम्मेलन के प्रभारी डॉ. देवेंद्र वरवडे उपस्थित रहे. जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संदीप प्रजापति भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे. मुख्य अतिथि श्रीमती अरुणा रॉय ने अपने संबोधन में विधायक सुदेश राय के महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया. उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण करें और अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें. साथ ही उन्होंने प्राध्यापकों को भी विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया.

# ईरान-इजराइल तनाव की आंच सीहोर तक

## पेट्रोल- डीजल की कमी की अफवाह से बीती रात शहर के पेट्रोल पंपों पर उमड़ी वाहनों की भारी भीड़







**सीहोर.** रसोई गैस के बाद अब पेट्रोल- डीजल की कमी की अफवाह सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शहर के पेट्रोल पंपों पर बीती रात भारी भीड़ देखने को मिली, इछावर के पेट्रोल पंप पर पसरा रहा सन्नाटा.

- वाहनों के अलावा कुप्पियों में भी भरवाते रहे पेट्रोल- डीजल
- इछावर के पेट्रोल पंप पर जरूर खत्म हुआ पेट्रोल

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 25 मार्च. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच जिले में पेट्रोल-डीजल को लेकर अफवाहों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है. सोशल मीडिया पर सप्लाई बंद होने की खबरें वायरल होने के बाद शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ देखी जा रही है. हालांकि प्रशासन ने साफ किया है कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है. इसके बाद भी लोग बीती देर रात तक पेट्रोल पंप पर ईंधन लेते देखे गए.**

अंतरराष्ट्रीय हालातों में चल रहे तनाव का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है. सोशल मीडिया पर फैल रही पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाहों के चलते जिले के पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ बढ़ गई है.लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए पंपों की ओर दौड़ रहे हैं, जिससे असमंजस की स्थिति बन गई है.

दरअसल, बीते 24 घंटों से फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह संदेश तेजी से वायरल हो रहा है कि युद्ध के चलते आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई प्रभावित हो सकती है. इन भ्रामक संदेशों का असर सीहोर शहर के साथ-साथ बुदनी, इछावर और आष्टा क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है. कई जगहों से पंपों पर लगी भीड़ के फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों में डर का माहौल बन गया है.

हालांकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है. पड़ताल में सामने आया कि जिले में पेट्रोल पंपों पर सामान्य दिनों जैसी ही स्थिति है. कहीं-कहीं 10-15 वाहनों की कतार लगने पर उसे बड़ी भीड़ बताकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया, जिससे भ्रम और बढ़ गया. जिले में पर्याप्त संख्या में पेट्रोल पंप संचालित हैं और कहीं भी वास्तविक किल्लत जैसी स्थिति नहीं है. इस बीच, वैश्विक स्तर पर भी यह माना जा रहा है कि मध्य-पूर्व में तनाव के कारण तेल बाजार में उतार-चढ़ाव जरूर आ सकता है, लेकिन तत्काल सप्लाई रुकने जैसी स्थिति नहीं है ?

### भ्रामक अफवाहों को लेकर प्रशासन हुआ सख्त

अफवाहों को लेकर प्रशासन अब सख्त हो गया है. सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा ने स्पष्ट कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई चेन पूरी तरह सुचारु है. उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक संदेश पर विश्वास न करें और अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं. एसडीएम ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी फैलाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है. पुलिस को ऐसे तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं और जरूरत पड़ने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन ने नागरिकों से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि पेट्रोल पंपों पर नियमित रूप से टैंकर पहुंच रहे हैं और कोई कमी नहीं है. लोगों से केवल जरूरत के अनुसार ही ईंधन लेने और अफवाहों से दूर रहने को कहा गया है.

### हरफनमौला सेन का अंडर 18 में चयन



**सीहोर.** बीएसआई मैदान पर प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी की ओर से अभ्यासरत हरफनमौल क्रिकेट दीपेश सेन इंदौर में होने वाली अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के लिए चयनीत हुए. इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, पीपीसीए की ओर से आदर्श राय, अतुल त्रिवेदी आदि ने बधाई दी. कोच आदर्श राय ने बताया कि यहां पर पूरे वर्ष बीसीआई मैदान पर क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाता है. जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल होते है। इन दिनों मैदान पर अकादमी की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें करीब 250 से अधिक बालक-बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है. वहीं अकादमी की ओर से हरफनमौला क्रिकेटर दीपेश सेन ने जिला स्तरीय अंडर 18 प्रतियोगिता में 162 रन बनाए थे और गेंदबाजी के बूते विकेट हासिल किए. बधाई देने वालों में अभिषेक परसाई, मोहनिश त्रिवेदी, राकेश धनगर, विकास सास्ता, हितेश केसरिया, आशीष मेवाड़ा, दीपक तोमर शामिल हैं.

### बैठक में दिए सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

**आष्टा.** थाना परिसर में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में एसडीओपी एवं सभी थानाा प्रभारी उपस्थिति थे. बैठक में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, तथा पुलिस बल की प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखने एवं आमजन से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया.

# देह व्यापार के लिए मासूम का अपहरण करने वालों को कैद

- इछावर थाना क्षेत्र से किया था मासूम बालिका को अगवा
- चार को उम्रकैद, 13 को 12-12 का सश्रम कारावास

**नवभारत न्यूज**

**इछावर 25 मार्च.** क्षेत्र के डुंडलावा गांव में 10 फरवरी 24 की सुबह आठ बजे दिल दहलाने वाली वारदात को अंजाम दिया गया. चार पहिया गाड़ी में सवार दरिंदों ने महज 7 साल की अबोध बालिका को पानी मांगने का झांसा देकर कार में बैठा लिया और रफूचक्कर हो गए. पीड़िता का 5 साल का छोटा भाई आंखें फाड़े देखता रह गया.

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन विशेष टीमें गठित की गईं. पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के पूरे इलाके के फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध कार शहर से बाहर जाती दिखी. मुखबिरों की सूचना और डेटा की जांच से पता चला कि अपहरणकर्ता शिवपुरी जिले में छिपे हैं. पुलिस टीमें रात के अंधेरे में शिवपुरी के मायापुर थाना क्षेत्र स्थित कंजरों के डेरे पर टूट पड़ीं और मासूम को सकुशल बरामद कर लिया.

पूछताछ में रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आया. आरोपियों ने इस पूरी वारदात को बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था. घटना से एक दिन पहले ही गिरोह के कुछ सदस्य



घटनास्थल के पड़ोसी गांव में रेकी कर चुके थे. मासूम बच्ची को देह व्यापार के लिए अगवा कर आरोपी सोम कंजर, किरण बेढ़िया, वंदना बेढ़िया और अनुज शिवहरे को बेचा जाना था. मामले में पुलिस ने अपहरण में इस्तेमाल दोनों कारें, मोबाइल फोन, पीड़िता के कपड़े और बालिका का मुंह दबाने में इस्तेमाल किया गया तौलिया भी जब्त किया.

### पुख्ता सबूतों ने कसा आरोपियों पर शिकंजा

पुलिस ने 60 दिन के भीतर 14 आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं के तहत चालान पेश किया. अभियोजन पक्ष ने 26 गवाहों की गवाही करवाई और 164 दस्तावेज व साक्ष्य प्रमाणित कराए. सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रेखा यादव ने मजबूत पैरवी की. विशेष न्यायाधीश स्मृता सिंह ठाकुर की अदालत ने सभी साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए 13 आरोपियों को दोषी करार दिया।एक आरोपी प्रेमसिंह पहले से फरार होने के कारण फैसले से बाहर रहा.

### बालिका को मुआवजा दिलाने के भी आदेश

न्यायालय ने कठोर फैसला सुनाते हुए 4 आरोपियों को आजीवन कारावास और 13 आरोपियों को 12-12 साल की सजा सुनाई. कुल मिलाकर 37 वर्ष का कारावास और 52,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया. अदालत ने पीड़िता को मध्यप्रदेश पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत 1 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया. साथ ही जुर्माने की राशि भी पीड़िता को दिए जाने का निर्देश दिया.

## कबड्डी स्पर्धा में भैरूंदा की टीम विजयी

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 25 मार्च.** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत एवं खेल विभाग द्वारा चर्च ग्राउंड पर एक दिवसीय जिला स्तरीय बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय ने किया. जिला स्तरीय बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में सभी जनपदों की टीमों ने सहभागिता की. प्रतियोगिता में भैरूंदा जनपद की टीम ने प्रथम, सीहोर की टीम ने दूसरा और आष्टा की टीम ने तीसरा



स्थान प्राप्त किया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी टीमों को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी रूबिका देवान, सुरेंद्र मेवाड़ा उपस्थित थे. वहीं मैच रेफरी रोहित यादव, योगेश पवार, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, प्रमोद सिंह उईके, अर्चना सिलोदिया, आनंद पसोटिया, रेखा कुशवाहा आदि शामिल थे.

# विकसित प्रदेश के संकल्प को मिल रही सिद्धि

- संकल्प से समाधान शिविर में बोले पूर्व भाजपा अध्यक्ष
- अब तक 19 हजार 730 हितग्राही हुए लाभान्वित

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा, 25 मार्च.** 'विकसित मध्यप्रदेश' के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से चल रहे 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत बुधवार को खंड स्तरीय शिविर आयोजित किया गया.

इस शिविर में उन समस्याओं का समाधान किया गया, जिनका निराकरण ग्राम पंचायत और क्लस्टर स्तर पर नहीं हो सका था. अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक तीन चरणों में संचालित हो रहा है. पहले चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर, दूसरे में क्लस्टर स्तर पर और तीसरे चरण में खंड स्तर पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है. मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि शासन-प्रशासन का लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने वार्ड स्तर पर हितग्राहियों के चिन्हांकन और स्वच्छता-जल संरक्षण में




जनसहयोग पर जोर दिया। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने प्रशासन द्वारा जनता तक पहुंचकर समस्याओं के समाधान को अभियान की सफलता बताया. कार्यक्रम के अंत में चयनित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र और सामग्री वितरित की गई.

एक्सपो

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने किसान हित में संचालित योजनाओं से कराया अवगत

# किसानों की आय बढ़ाने सतत काम कर रही सरकार

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 24 मार्च.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी स्थित केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (सीएफएमटीटी) में आयोजित राष्ट्रीय उन्नत कृषि यंत्रीकरण प्रदर्शनी में शामिल हुए.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है.उन्होंने कहा कि हमारा भारत वह देश है जिसने दुनिया को खेती करना सिखाया है. आज भी कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है. उन्होंने कहा कि यदि किसानों की आय बढ़ाना है तो यह केवल परंपरागत



तकनीकों से संभव नहीं है, इसके लिए हमें खेती में उन्नत व आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाना होगा. उन्होंने कहा कि इस केंद्र को मशीनों के प्रयोग का, प्रदर्शन का और किसानों के लिए प्रशिक्षण का देश का सबसे प्रमुख सेंटर बनाया जाएगा. यह एक ऐसा संस्थान है, जो कृषि यंत्रीकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. उन्होंने कहा उत्पादन अधिक हो, इसके लिए प्रयोगशालाओं में उच्च गुणवत्ता के बीज तैयार किए जा रहे हैं. बेहतर उत्पादन के लिए बेहतर बीजों की आवश्यकता होती है, इसलिए बुधनी में नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन के माध्यम से एक बीज प्रोसेसिंग सेंटर बनाया जाएगा, जो नए-नए बीज तैयार करेगा और किसानों को उपलब्ध कराएगा. बुधनी के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यहां मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है और अब कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना भी की जाएगी. इस कॉलेज में कृषि से जुड़े प्रयोग, शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिलेंगे. कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव, सुदेश राय, गोपाल इंजीनियर, निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, राजीव सिंह, रघुनाथ भाटी, रवि मालवीय, संयुक्त सचिव भारत सरकार सुश्री रुक्मणी सुंदरम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे.

## नपाध्यक्ष ने कार्यों का किया भूमिपजन

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 25 मार्च.** वार्ड क्रमांक 18 स्थित प्राचीन श्री पशुपतिनाथ मंदिर संगम तट पर नवीन घाट निर्माण एवं वार्ड क्रमांक 3 रेस्ट हाउस के पीछे रिक्त भूमि पर दुकानों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया.

उक्त कार्यो का भूमिपूजन नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, वार्ड पार्षद श्रीमती लता तेजपाल मुकाती सहित पार्षदों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति में किया गया.

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि परिषद ने नवीन घाट निर्माण का संकल्प लिया जो शीघ्र ही साकार होने की ओर है. रेस्ट हाउस के समीप रिक्त भूमि पर दुकानों का निर्माण किया जाना नगरपालिका द्वारा प्रस्तावित है, उसका भी आज भूमिपूजन संपन्न हुआ है.सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने बताया कि संगम मंदिर स्थित घाट का निर्माण जल संवर्धन योजना के तहत 1 करोड़ 7 लाख रुपए से पूर्ण होगा. वहीं रेस्ट हाउस के पीछे लगभग 30 दुकानों का निर्माण 1 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से होगा. इस अवसर पर पार्षद डॉ. सलीम खान, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, तेजसिंह राठौर, भूरू मुकाती, नरेन्द्र कुशवाह, सुशील संचेती, सोनू गुणवान, कृपालसिंह पटाड़ा, नगीनचंद्र जैन, कल्याणसिंह ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, प्रदीप धाड़ीवाल, कैलाश सोनी पांचम, गोविंद सोनी, प्रदीप राठौर, धन रूपमल जैन, हरिनारायण शर्मा, संजय सोनी बंटू, प्रेमनारायण जायसवाल आदि मौजूद थे.